epaper हिन्दुस्तान

यूपी में 70 वर्षों से भी ज्यादा पांच साल में निवेश

23/05/2022

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में 70 वर्षों में जितना निवेश नहीं हुआ था, उससे ज्यादा निवेश बीते पांच वर्षों में हुआ है। आगामी तीन जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ आ रहे हैं। उनके माध्यम से 75 हजार करोड़ के निजी निवेश को आगे बढ़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र 'पांचजन्य' के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। कोरोना के चलते जब पूरा देश कराह रहा था तब भी प्रदेश की जनता को बचाने के साथ ही निवेश के लिए काम किए जा रहे थे। कोरोना काल में ही यूपी देश का पहला डिस्पले सेंटर चीन से लेकर आया। नोएडा में डाटा सेंटर स्थापित किया जा रहा है। सिर्फ कोरोना काल में ही यूपी में 65 हजार करोड़ रुपये का निवेश कराया गया।

सपा सरकार में हुए 700 दंगे: मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर बिना नाम लिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में वर्ष 2012-17 के बी 700 दंगे हुए थे। अब हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। यही वजह है कि आधी आबादी ने जाति-मज़हब से ऊपर उठकर सरकार का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद दंगे हुए।

चार दर्जन योजनाओं में यूपी अव्वल

सीएम ने कहा कि यूपी में राष्ट्रवादी सोच की एक ईमानदार सरकार है। देश ने यह देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोई सरकार कैसे चमत्कारिक परिणाम दे सकती है। देश की चार दर्जन ऐसी योजनाएं हैं, जिनमें यूपी नंबर एक पर है। सत्तर वर्षों में यूपी देश की छठीं अर्थव्यवस्था बन सका था। थी, अब नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। यूपी अब देश में बेहतर कनेक्टेविटी वाला राज्य है।